श्री मुनिसुव्रतनाथ विधान

मंगल आशीर्वाद
समाधिस्थ परम पूज्य आचार्य 108 श्री विद्याभूषण
सन्मति सागर जी महाराज

एवं

समाधिस्थ परम पूज्य सराकोद्धारक षष्टम पट्टाचार्य
108 श्री ज्ञान सागर जी मुनिराज

रचयित्री
परम विदुषी लेखिका, भारत गौरव,
गणिनी आर्यिका रत्न 105 श्री स्वस्ति भूषण माताजी

-: प्रकाशक :-
श्री स्वस्ति कल्याण समिति (रजि॰)
Website : www.jainswastisandesh.com
Link to Facebook : swastibhushanmataji

श्री 1008 आदिनाथ जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव
दिनांक 1 फरवरी से 6 फरवरी 2023, ज्ञानतीर्थ, मुरैना (म.प्र.)
पावन निर्देशन - परम विदुषी लेखिका, भारत गौरव,
गणिनी आर्यिका रत्न 105 श्री स्वस्ति भूषण माता जी
पावन अवसर पर प्रकाशित

कृति : श्री मुनिसुव्रतनाथ विधान
कृतिकार : गणिनी आर्यिका श्री 105 स्वस्ति भूषण माता जी
त्रयोदश संस्करण : 1100 प्रतियाँ
प्रकाशन वर्ष : 2023
न्यौछावर राशि : 25.00 मात्र (साहित्य सृजन हेतु)
प्रकाशक : श्री स्वस्ति कल्याण समिति (रजि.)

प्राप्ति स्थान :

1. **स्वराज कुमार जैन, अध्यक्ष श्री स्वस्ति कल्याण समिति (रजि.)**
   दूरभाष : 0129-4144329, 9868345768
2. **राहुल जैन, सचिव श्री स्वस्ति कल्याण समिति (रजि.)**
   दूरभाष : 07906062500, 09212515167
3. **श्री जैन साहित्य सदन, लाल मन्दिर, चाँदनी चौक दिल्ली**
   दूरभाष : 09311168299, 011-23253638
4. **श्री आदिनाथ सेवा संस्थान**
   श्री सोनागिर सिद्ध तीर्थ क्षेत्र, दतिया (मध्य-प्रदेश)
5. **श्री 1008 मुनिसुव्रत नाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र स्वस्तिधाम**
   शाहपुरा रोड़, जहाजपुर, जिला भीलवाड़ा, राजस्थान
   दूरभाष : 9784853787

मुद्रक : दिपिशा एंटरप्राइज (दिल्ली) मो. 9210488047

प्रशांत मूर्ति आचार्य शांतिसागर 'छाणी' और उनकी आचार्य परम्परा



बाल ब्रह्मचारी, प्रशान्तमूर्ति आचार्य 108 श्री शांतिसागर जी महाराज 'छाणी' (उत्तर)

जन्म तिथि – कार्तिक वदी एकादशी, वि.सं. 1945 (31.10.1888)
जन्म स्थान – ग्राम - छाणी, जिला - उदयपुर (राजस्थान)
जन्म नाम – श्री केवलदास जैन
पिता का नाम – श्री भागचन्द जैन
माता का नाम – श्रीमति माणिक बाई जैन
क्षुल्लक दीक्षा – सन् 1922 (वि.सं. 1979), ग्राम गढ़ी, बाँसवाड़ा (राजस्थान)
मुनि दीक्षा – भाद्रपद शुक्ल चतुर्दशी वि.सं. 1980 (23.09.1923), सागवाड़ा जिला-डूंगरपुर (राज.)
आचार्य पद – सन् 1926 (वि.सं. 1983), गिरिडीह (झारखंड)
समाधिमरण – ज्येष्ठवदी दशमी (वि.सं. 2001) 17 मई, 1944, सागवाड़ा डूंगरपुर (राज.)



परम पूज्य प्रथम पट्टाचार्य 108 श्री सूर्यसागर जी महाराज

जन्म तिथि – कार्तिक शुक्ल नवमी, वि.सं. 1940 (09.11.1883)
जन्म स्थान – प्रेमसर, जिला - ग्वालियर (म.प्र.)
जन्म नाम – श्री हजारीमल पारेवाल जैन
पिता का नाम – श्री हीरालाल जैन
माता का नाम – श्रीमती गेदा बाई जैन
ऐलक दीक्षा – आसोज शुक्ल छठ वि.सं. 1981 (04.10.1924, इन्दौर (म. प्र.)
मुनि दीक्षा – मार्गशीर्ष वदी ग्यारस वि.सं. 1981 (23.11.1924), हॉटपिपल्या जिला-देवास (म.प्र.)
दीक्षा गुरु – आचार्य श्री शांतिसागर 'छाणी' महाराज से
आचार्य पद – कार्तिक शुक्ल दशमी वि.सं. 1985 (22.11.1928), कोडरमा (झारखंड)
समाधिमरण – श्रावण कृष्ण अष्टमी वि.सं. 2009 (14.07.1952), डालमिया नगर (झारखंड)



परम पूज्य द्वितीय पट्टाचार्य श्री 108 विजयसागर जी महाराज (वचन सिद्धि आचार्य)

जन्म तिथि – माघ सुदी अष्टमी, वि.सं. 1938 (26.01.1882)
जन्म स्थान – सिरौली, जिला - ग्वालियर (मध्य प्रदेश)
जन्म नाम – श्री चोखेलाल जैन
पिता का नाम – श्री मानिक चन्द जैन
माता का नाम – श्रीमती लक्ष्मी बाई जैन
क्षुल्लक दीक्षा – इटावा (उत्तर प्रदेश)
ऐलक दीक्षा – मथुरा (उत्तर प्रदेश)
मुनि दीक्षा – वि.सं. 2000 (सन् 1943) मारोठ जिला-नागौर (राज.)
दीक्षा गुरु – प्रथमपट्टाचार्य श्री 108 सूर्यसागर जी महाराज
आचार्य पद – लश्कर, जिला-ग्वालियर (म.प्र.)
समाधिमरण – पौष वदी नवमी वि.स. 2019 (20.12.1962) मुरार, जिला-ग्वालियर (म.प्र.)

परम पूज्य तृतीय पट्टाचार्य श्री 108 विमल सागर जी महाराज (भिण्ड वाले)

जन्म तिथि — पौष शुक्ल द्वितीया, वि.सं. 1948 (01.01.1892)
जन्म का नाम — श्री किशोरी लाल जैन
जन्म स्थान — ग्राम-मोहना, जिला-ग्वालियर (मध्य प्रदेश)
पिता का नाम — श्री भीकमचन्द जैन
माता का नाम — श्रीमति मथुरा देवी जैन
क्षुल्लक दीक्षा — वि.सं. 1997 (सन् 1941)
ऐलक दीक्षा — कापरेन नगर जिला कोटा (राज.)
मुनि दीक्षा — अगहन वदी पंचमी वि.सं. 2000 (17.11.1943) कोटा (राज.) में
दीक्षा गुरु — द्वितीय पट्टाचार्य श्री विजयसागर जी महाराज द्वारा पाटन, झालावाड़ (राज.)
आचार्य पद — वि.सं. 2030 (सन् 1973), हाड़ौती (राज.) में
समाधिमरण — बैशाख कृष्ण अष्टमी, वि.सं. 2030 (26.04.1973), दिन गुरुवार, सांगोद जिला कोटा (राज.)

मासोपवासी, समाधि सम्राट परम पूज्य चतुर्थ पट्टाचार्य 108 श्री सुमतिसागर जी महाराज



जन्म तिथि — आसोज शुक्ल चतुर्थी, वि.सं. 1974 (20.10.1917)
जन्म स्थान — ग्राम - श्यामपुर, जिला - मुरैना (मध्य प्रदेश)
जन्म नाम — श्री नत्थीलाल जैन
पिता का नाम — श्री छिद्दूलाल जैन
माता का नाम — श्रीमति चिरौंजी देवी जैन
ऐलक दीक्षा — चैत शुक्ल त्रियोदशी वि.सं. 2025 (11.04.1968), रिवाड़ी (हरियाणा) में
ऐलक नाम — श्री वीरसागर जी महाराज
दीक्षा गुरू — तृतीय पट्टाचार्य श्री 108 विमलसागर जी महाराज
मुनि दीक्षा — अगहन वदी द्वादशी वि.सं. 2025 (17.11.1968), गाजियाबाद (उ.प्र.)
आचार्य पद — ज्येष्ठ सुदी पंचमी वि.सं. 2030 (05.06.1973), मुरैना (म.प्र.)
(तृतीय पट्टाचार्य श्री विमलसागर जी 'भिंड' महाराज से)
समाधिमरण — क्वार वदी त्रियोदशी वि.सं. 2051(03.10.1994), सोनागिरि जी सिद्धक्षेत्र जिला-दतिया (म.प्र.)

परम पूज्य पंचम पट्टाचार्य श्री 108 विद्याभूषण सन्मति सागर जी महाराज

जन्म तिथि — अगहन वदी चतुर्थी, वि.सं. 2006 (10.11.1949)
जन्म स्थान — बरवाई, जिला - मुरैना (म.प्र.)
जन्म नाम — श्री सुरेश चन्द जैन
पिता का नाम — श्रीमंत सेठ श्री बाबूलाल जैन
माता का नाम — श्रीमती सरोज देवी जैन
क्षुल्लक दीक्षा — फाल्गुन शुक्ल तृतिया वि.सं. 2028 (17.02.1972) श्री सम्मेदशिखर जी (झारखंड)
मुनि दीक्षा — चैत्र सुदी त्रियोदशी वि.सं. 2045 (31.03.1988), सोनागिरी जी सिद्धक्षेत्र जिला-दतिया (म.प्र.)
दीक्षा गुरू — चतुर्थ पट्टाचार्य श्री सुमतिसागर जी महाराज
आचार्य पद — चैत्र सुदी पंचमी वि.सं. 2046, (10.04.1989) नरवर जिला- शिवपुरी (म.प्र.) पंचकल्याणक महोत्सव के उत्सव पर
समाधिमरण — फाल्गुन सुदी तृतीया वि.सं. 2069 (14.03.2013)

परम पूज्य राष्ट्रसंत, सराकोद्धारक, वात्सल्यमूर्ति षष्टपट्टाचार्य श्री 108 ज्ञानसागर जी महाराज

जन्म तिथि — वैशाख सुदी द्वितीया, वि.सं. 2014 (01.05.1957)
जन्म स्थान — मुरैना (मध्य प्रदेश)
जन्म नाम — श्री उमेश कुमार जैन
पिता का नाम — श्री शांतिलाल जैन
माता का नाम — श्रीमती अशर्फी देवी जैन
ब्रह्मचर्य व्रत — वि.सं. 2031 (सन् 1974)
क्षुल्लक दीक्षा — कार्तिक सुदी चतुर्दशी वि.सं. 2033 (05.11.1976) सोनागिरि सिद्धक्षेत्र में
क्षु. दीक्षा गुरू — चतुर्थ पट्टाचार्य श्री सुमति सागर जी महाराज
क्षु. दीक्षोपरान्त नाम — क्षुल्लक 105 श्री गुणसागर जी महाराज
मुनि दीक्षा — चैत्र सुदी त्रियोदशी वि.सं. 2045 (31.03.1988), सोनागिरि जी सिद्धक्षेत्र जिला-दतिया (म.प्र.)
मुनि दीक्षोपरान्त नाम — मुनि श्री 108 ज्ञानसागर जी महाराज
दीक्षा गुरू — चतुर्थ पट्टाचार्य श्रीसुमतिसागर जी महाराज
उपाध्याय पद — माघ वदी अष्टमी वि.सं. 2045 (30.01.1989), सरधना (मेरठ)
आचार्य एवं षष्ठपट्टाचार्य पद — ज्येष्ठ वदी तृतीया वि.सं. 2070 (27.05.2013) तीर्थ क्षेत्र बड़ागाँव जिला-बागपत (उ.प्र.)
समाधि — कार्तिक कृष्ण अमावस्या वि.सं. 2077, भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव, 15.11.2020, दिन रविवार, बारां (राज.)

गणिनी आर्यिका रत्न श्री 105 स्वस्तिभूषण माता जी

जन्म तिथि — 1-11-1969 कार्तिक कृष्ण सप्तमी दिन, शनिवार (वि.सं. 2026)
जन्म स्थान — छिंदवाडा (मध्य प्रदेश) बचपन सिवनी
जन्म नाम — संगीता जैन (गुड़िया)
पिता का नाम — श्री मोती लाल जैन (निवासी सिवनी)
वर्तमान में (क्षु. श्री 105 परिणामसागर जी महाराज)
माता का नाम — श्रीमती पुष्पा देवी जैन
वर्तमान में (क्षु. श्री 105 अर्हत मती माताजी)
प्रथम ब्रह्मचर्य व्रत — परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज
लौकिक शिक्षा — एम. ए. (संस्कृत)
आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत
दीक्षा गुरू — प्रशान्तमूर्ति आचार्य 108 श्री शान्ति सागर जी (छाणी) महाराज (उत्तर) के पंचम पट्टाचार्य सिंहरथ प्रवर्तक त्रिलोकतीर्थ प्रणेता आचार्य श्री 108 विद्याभूषण सन्मति सागर जी महाराज
दीक्षा तिथि व स्थान — 24 जनवरी 1996 माघ शुक्ल पंचमी, दिन बुधवार, (वि.सं. 2052) इटावा (उ.प्र.)
वर्तमान पट्टगुरु व गणिनी पद प्रदाता — परम पूज्य सराकोद्धारक तीर्थोद्धारक षष्ठम पट्टाचार्य श्री 108 ज्ञान सागर जी महाराज
तिथि एवं स्थान — 13 फरवरी 2020 फाल्गुन कृष्ण पंचमी, दिन बृहस्पतिवार (वि.सं. 2076), तीर्थ क्षेत्र स्वस्ति धाम, जहाजपुर (राजस्थान)

लेखिका की कलम से....

जन्म पत्री एक नक्शा

आर्यिका 105 स्वस्ति भूषण

गगन में ज्योतिर्मान सूर्य चंद्र आदि की किरणों से प्रभावित मनुष्य नवग्रहों की मान्यता रखता है। ग्रहों के प्रभाव को ही सब कुछ मान बैठता है, और सारा दोष ग्रहों को ही देता है। जबकि कोई भी ग्रह ना तो अच्छा है और ना ही बुरा है। ज्योतिष मात्र एक नक्शे के समान है। जैसे कोई व्यक्ति कहीं लम्बे सफर की पद यात्रा करना चाहता है तो नक्शा साथ रखता है और बीच-बीच में देखता जाता है कि अब रास्ते में पहाड़ी आयेगी, अब खाई होगी, कहीं ढलान होगी, कहीं चढ़ाव होगा, कहीं फिसलन है तो सम्भल कर चलना है, कहीं कांटो भरा रास्ता है तो कहीं फूलों के बगीचे। इस नक्शे ने रास्ते का सारा ज्ञान करा दिया। व्यक्ति अब उसके आधर पर कठिन रास्ते में संभलकर चलेगा, कष्ट विपत्ति आने पर संतोष रखेगा कि ऐसा ही होना है। अतः दोष रास्ते का नहीं है वे तो जैसे थे वैसे ही हैं, यदि यात्रा करनी है तो इन राहों से गुजरना पड़ेगा और मंजिल तक पहुंचने के लिये उन रास्तों में चलना ही पड़ेगा चाहे अच्छा लगे या बुरा, लेकिन पुरुषार्थ से रास्ते के कांटे हटाये भी जा सकते हैं।

ठीक इसी तरह ज्योतिष हमारे भविष्य की यात्रा का नक्शा है जो जीवन की ऊँचाई निचाई और सुख-दुख के विषय का ज्ञान कराता है। ग्रह हमारे कर्मों के फल का ज्ञान कराते हैं कि तुम्हारे कर्मों के अनुसार ग्रह परिवर्तन है। ग्रह तो ग्रह है मूल तो हमारे कर्म हैं जो हमारे खुद के द्वारा ही बांधे हुये हैं। जब टंकी में पानी नही होगा तो नल में कैसे आयेगा। ग्रहों के नाम के द्वारा हम यह जान रहे हैं कि हमारे इन कर्मों का उदय होने वाला है। अब स्वास्थ्य खराब होगा, यानि शारीरिक कष्ट, अब परिवार में क्लेश होगा

यानि मानसिक कष्ट, अब शनि की दशा है यानि संपत्ति का दूर होना।

यदि ये ग्रह ही सब कुछ हैं तो भगवान महावीर की वाणी से निष्सृत कर्म सिद्धांत कहां लागू होगा। सभी ग्रहों की किरणें प्रतिक्षण निकलती हैं पर सब पर असर क्यों नहीं होता? जैसे एक क्लास में 60 विद्यार्थी पढ़ते हैं। एक टीचर उन्हें पढ़ा रहा है। उन्हीं में से एक विद्यार्थी के 90% अंक आयें, दूसरे के 60-70-80% आदि-आदि और कई फेल हुये। कारण क्या है? मुख्य कारण है ज्ञानावरणी कर्म। और इसे ठीक करने का उपाय जिनवाणी सेवा, ज्ञान दान दूसरों की प्रसन्नता आदि-आदि। किन्तु ज्योतिषी को जन्म पत्री दिखाओगे तो वह इस पर ग्रहों का असर ही बतायेगा। अतः अपने श्रद्धान को मजबूत बनाना चाहिये कि जन्मपत्री हमारे कर्मों के फल का एक नक्शा है। जिसके अनुसार हमें जीवन में संभलकर चलना आवश्यक है। लापरवाही करने पर तो अच्छा भी बुरा हो जाता है

शनि ग्रह से लोग बहुत भयभीत रहते हैं। शनि से बचने के लिये लोग उसकी आराधना और पूजा करते हैं। पहले शनि मंदिर नहीं थे, किन्तु आजकल तो उन मंदिरों की बाढ़ सी आ गयी है। शनि का नाम सुनते ही लोगों का मन परेशान हो जाता है। विदेशों में देवी देवता या शनि मंदिर नही हैं, तो क्या वहां पैसा नहीं है? हर ग्रह की दो दृष्टि होती हैं, शुभ दृष्टि, अशुभ दृष्टि। शनि भी दो नेत्र वाला है। शनि की मुख्य भूमिका परिग्रह से दूर हटाने की है। शनि यदि अपना असर दिखाये तो इंसान दीक्षा भी ले लेता है। पूजा पाठ करवाता है। भगवान के प्रति श्रद्धान में दृढ़ता पैदा करता है और इंसान को धार्मिक बनाता है। फिर भी लोग शनि को बुरा कहते हैं। जबकि मेरी दृष्टि में शनि से अच्छा कोई ग्रह नहीं है। जो हमें कल्याण मार्ग की तरफ प्रेरित करता है संसार से वैराग्य दिलाता है और अच्छे बुरे की पहचान कराता है।।

बनी पर देखिये, लाखों निसार होते हैं।
बनी बिगड़ती है तो, दुश्मन हजार होते हैं।।

किसी व्यक्ति ने ज्योतिषी को जन्म पत्री दिखाई, पता चला शनि की दशा है तो ज्योतिषी बोला-रु. 1100 दे मैं शनि दूर कर दूंगा, वह बोला-मेरे पास नहीं हैं। बोला, चल रु. 501 दे दे, बोला वह भी नही हैं। ज्योतिषी बोला चल रु. 101 दे दे, वह बोला वह भी नही हैं, बोला-चल, सवा रुपया ही दे दे, बोला वो भी नहीं है, तो ज्योतिषी बोला चल भग जा, शनि तेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकता। अर्थात् जो संसार में आकर संसार की वस्तु इकट्ठी करता है शनि का असर उस पर पड़ता है तुम्हारे पर नहीं। तुमने उन वस्तुओं को अपना माना है इसीलिये तुम दुखी होते हो। वैसे दुख का कारण स्वयं नहीं पर वस्तु हैं।

सुख-दुख दाता कोई न आन।
मोह राग ही दुःख की खान।।

यदि आप परमात्मा की अथवा देवी-देवताओं की पूजा जाप भक्ति अपने लालच और स्वार्थ में कर रहे हैं तो आप धर्म नहीं बल्कि सौदा कर रहे हैं। धर्म तो आत्मा का आराधक और उपासक करता है जो कर्म नाश और आत्म कल्याण हेतु करता है, उसे बाहर की वस्तु से ज्यादा स्वयं की आत्मा की चाह होती है। वह बाहर के संसारी सुख नहीं बल्कि आत्मा का सच्चा सुख प्राप्त करना चाहता है। कर्मों के नाश से बाहर के सुख तो स्वयंमेव प्राप्त होते हैं उन्हें भिखारी बनकर मांगने की जरुरत नहीं होनी चाहिए। अपने पुरुषार्थ पर भरोसा होना चाहिए, फिर भी काम न बने तो पूर्व कर्मों का फल समझकर समता रखनी चाहिये।

भाग्य से ज्यादा समय से पहले,
ना किसी को मिला है ना मिलेगा।।

एक व्यक्ति के पेट में दर्द हुआ, वह डाक्टर के पास गया। डाक्टर ने बताया कि आपने खाने में प्रतिकूल वस्तु खाई है, अतः दवाई खाओ ठीक हो जाओगे। वही व्यक्ति एक ज्योतिषी के पास गया, जन्म पत्री दिखाई, वह बोला तुम्हारे राहु की महादशा चल रही है इससे तुम्हारे पेट में दर्द

हुआ, उपाय करो ठीक हो जाओगे। वही व्यक्ति एक संत के पास गया, दर्द बताया तो वह बोले बेटे तुम्हारे असाता वेदनीय कर्म का उदय चल रहा है तुम प्रभु का नाम लो, पूजा पाठ करो, तो असाता कर्म का नाश और साता का उदय होगा।

बीमारी एक है, उपाय अलग-अलग हैं किन्तु मूल कारण है कर्म का उदय। जब तक हमारे पास कर्म हैं बाहर की सभी वस्तु हमें प्रभावित करेंगी किन्तु कर्मों का नाश होते ही कुछ असर नहीं करेगा। हमारे परमात्मा को कोई ग्रह परेशान नहीं करता, क्योंकि परमात्मा ने अंतरंग और बहिरंग दोनों प्रकार के परिग्रह का त्याग किया है। शनि ग्रह का प्रभाव परिग्रह के ऊपर होता है अतः जब है ही नहीं तो कौन परेशान कर सकता है ? त्याग करने पर ही शांति पाई जा सकती है वरना पड़ौसी भी शनि बनकर परेशान कर सकता है ।

पशु पक्षी की कोई जन्म पत्री नही बनाई जाती। अतः प्रभु की भक्ति आत्मा का ध्यान और आत्मोत्थान की राह पर चलते रहो सुख-दुख को धूप और छाया के समान समझकर ग्रहण करते रहो, उससे भागने का प्रयास न करो, उससे परेशान मत होओ, हर स्थिति का सामना समता और धैर्य से करो, तो जीवन में शांति होगी। सोचो क्या साथ लाये थे और क्या ले जायेंगे, यहीं आकर इकट्ठा किया है यहीं छोड़ जायेंगे। बस जीवन यापन हेतु दवाई के समान धन जरुरी है।

जो मिला वो किसी से कम नहीं।
जो नहीं मिला उसका गम नहीं।।

जब भी आप पर आपत्ति विपत्ति हो आप मुनि सुव्रतनाथ भगवान की पूजा विधान भक्ति पूर्वक करें। निश्चित संकट दूर होगें। पाप का क्षय पुण्य की वृद्धि होगी। शनि ग्रह भी अपनी काली छाया लेकर भाग जायेगा और सुख का उजाला होगा। भगवान महावीर के स्याद्वाद धर्म की अपेक्षा से ग्रहों की स्थिति कर्मों के अनुसार सक्रिय हैं इसे प्रभु भक्ति करके दोषों को निष्क्रिय करें।

भूमिका

आकाश में स्थित खगोल पिण्डों से निस्सृत होने वाली रश्मियां भूतल पर निवास करने वाले सभी जीव धरियों को प्रभावित करती हैं। सूर्य से निकलने वाली किरणें हमें ताप का अनुभव कराती हैं। इसी प्रकार हर ग्रह अपने तापमान के अनुरूप हमें विभिन्न प्रकार के प्रभाव देते हैं, जहां सूर्य अग्नि तत्व प्रधान ग्रह होने के कारण उष्णता देता है तो चन्द्रमा शीतलता देता है। वहीं मंगल व्यक्ति में उग्रता, उत्तेजना और बुध अपने प्रभाव से अपराध बोध की प्रेरणा देता है तथा गुरू ज्ञान एवं योग्यता, शुक्र भोग एवं विलासता तथा शनि उदासीनता आदि प्रकार के प्रभाव देते हैं। राहु और केतु समय-समय पर विभिन्न ग्रहों से संबंध स्थापित कर तदनुरूप विपरीत प्रभाव डालते हैं। वे खगोलिय पिण्ड जो आकाश में स्थिर हैं, उन्हें 'नक्षत्रों' के नाम से जाना जाता है। जो चलायमान हैं, उन्हें 'ग्रह' कहा जाता है। भारतीय ज्योतिष में मुख्यतः नौ ग्रहों का अस्तित्व है।

स्वस्ति भूषण माता जी ने यह विधान प्रभु मुनिसुव्रतनाथ भगवान की भक्ति में रचा है। सुन्दर सरल वाणी में मोती के समान शब्दों में गुंथा हुआ यह रोम-रोम को छू जाने वाला है। जिसमें पांच वलयों के द्वारा अलग-अलग छन्दों में सुंदर-सुंदर भावों को भगवान की भक्ति में संजोया गया है, जिसको पढ़ते ही अंतरमन भी खिल उठता है, इसमें प्रथम वलय में चार और द्वितीय वलय में आठ, तृतीय वलय में आठ, चतुर्थ वलय में चवालिस और पंचम वलय में भी चवालिस अर्घ्यो के द्वारा भगवान मुनिसुव्रत के अनुपम गुणों का वर्णन पूज्य माता जी ने इस विधन में किया है।

जिनकी रचनाओं को सुनकर, मेरा अंतरमन जग जाता है।
भक्ति भाव से पढ़कर प्राणी, भवसागर तिर जाता है।।

जी हां ऐसी ही हैं, पूज्य माता जी की वाणी जिसको सुनकर व्यक्ति भाव विभोर हो जाता है । अभी तक अल्प आयु में ही माता जी नें शताधि

क पुस्तकों की रचना पूर्ण कर ली है। जिसमें विधान संग्रह, पूजन संग्रह, काव्य संग्रह, गद्य संग्रह आदि बहुत सी रचनायें सम्मिलित हैं। जिसमें से जिनपद पूजांजली पूज्य माता जी की विशेष कृति है। इसमें माता जी ने चौबीसों तीर्थकर भगवान की पूजायें, चालीसा, एवं विभिन्न प्रकार के स्त्रोत आदि के द्वारा सुंदर चित्रण किया है। जिसको पढने के बाद व्यक्ति का मन इतना गद्-गद् हो जाता है कि वह उसको बार-बार पढ़ता हैं। क्योंकि पूज्य माता जी ने इतने सरल भावों में सभी कृतियों का लेखन किया है जिसको बच्चा-बच्चा भी समझ लेता है। आपको ग्रहों से सम्बंधित किसी तरह की कोई बाध है तो आप यह विधान अवश्य करें और अपने जीवन को धर्म पथ पर आगे बढ़ायें। जय जिनेन्द्र। पूज्य माता जी के चरणों में वंदामी, वंदामी, वंदामी।

सोच लो कि इस धरा का साथ में क्या जायेगा।
इस धरा का इस धरा पर ही धरा रह जायेगा।।
जिन्दगी भर का कमाया साथ में ना जायेगा।
यह सुअवसर खो दिया तो बाद में पछतायेगा।।

भक्ति भक्त को भगवान बना देती है!

भक्ति भक्त को भगवान बना देती है, यह सूक्ति तब चरित्रार्थ हो जाती है जब भक्ति के साथ सम्यक शब्द भी जुड़ा हो और फिर भक्ति काम मोक्ष अर्थ आदि की आकाँक्षाओं से रहित हो तो फिर ऐसी भक्ति ही साक्षात ही मोक्ष का कारण बनती है। ऐसी भक्ति के साधन होते हैं जाप्य मन्त्र, पूजा एवं विधान आदि लेकिन वर्तमान समय में श्रावकों के सामने सबसे बड़ी समस्या है कि कम समय में श्रावक अपने आवश्यक पूरे कैसे करे और ऐसा क्या करे कि कम समय में ही वह अपने आवश्यक नियमित रूप से करते हुए उनका आशय भी आसानी से समझ ले। इसके लिए हमारे पूर्वाचार्यों, विद्वानों ने भरपूर मात्रा में भक्ति साहित्य की रचना की है, लेकिन श्रावकों का कहना है कि प्राकृत भाषा में विधान आदि होने के कारण हम उनका अर्थ सहजता से समझ नहीं पाते हैं इसके लिए पूज्य माताजी ने प्रचलित भाषा में इस श्री मुनिसुव्रतनाथ विधान को लिखा है।

सहज सरल विधान पूजा स्तोत्र आदि को करके श्रावकगण प्रसन्न तो होते ही हैं साथ ही साथ उनके द्वारा की जा रही क्रियाओं को भी आसानी से समझ लेते हैं।

इस विधान में एक सौ आठ अर्घ्यों के माध्यम से श्री जिनेन्द्र मुनिसुव्रतनाथ स्वामी की भक्ति की गई है जिसे दोहा, शंभू छन्द, चौपाई, शेर चाल, गीता, भुजंग-प्रयात, गीतिका छन्द जैसे लोक प्रचलित सात छन्दों में बड़ी सुगम सुबोध शैली में पिरोया है!

बहुजनोपयोगी भक्ति साहित्य की शृंखला में पूज्य माता जी द्वारा हमें यह कृति प्रदान की गई है। हमें चाहिए कि हम पूज्य माता जी के प्रति उपकारी भाव रखते हुए इस कृति का ज्यादा-से-ज्यादा उपयोग करें

ताकि पूज्या माता जी की भावना साकार हो, सुफलित हो और पूज्या माता जी के माध्यम से हम अपने कल्याण का मार्ग प्रशस्त करें!

हम सभी श्रावकों पर यह उपकार करने के लिए परम पूज्य गणिनी आर्यिका 105 श्री स्वस्तिभूषण माताजी के श्री चरणों में कोटिशः वन्दामि...

शालू दीदी
संघस्थ

दीप निष्ठा का जले तो, आंधियाँ बाधक न होंगी,
आदमी में लगन हो तो, मजबूरियाँ बाधक न होंगी।
हारते हैं वो जिन्हें विश्वास, अपने पर नहीं है,
बढ़ चले सत्पथ पर कदम, तो दूरियाँ बाधक न होगी।।

श्री मुनिसुव्रतनाथ विधान

माण्डला



विनय पाठ

विनय पाठ पढ़कर करूँ, पूजा का आरंभ।
पंच परम परमेष्ठी को, वंदन का प्रारंभ।।

चार कर्म को नष्ट कर, बने आप अरिहंत।
संकट हर मंगल करो, मिले मुक्ति का पंथ।।

सिद्ध शुद्ध परमात्मा, सिद्धालय में वास।
कार्य सिद्ध होवें मेरे, यही प्रभू से आश।।

आचारज उवज्झाय गुरू, सर्व साधु मुनिराज।
ज्ञान ध्यान तप में रहे, नमता सकल समाज।।

चौबीसों जिनराज के, चरण कमल को ध्यायें।
जिनवाणी वरदान दे, शत्-शत् शीश झुकायें।।

मंगल मय जिनधर्म है, मंगल मय जिन ज्ञान।
मंगल सम्यग्दर्श को, बारंबार प्रणाम।।

सौ इन्द्रों से पूज्य हो, तीन लोक के नाथ।
कर्म बंध काटो प्रभु, दे दो अपना साथ।।

जगत सिन्धु में डूबते, दे दो सहारा नाथ।
मात पिता बंधु तुम्हीं, तुम्ही हमारे भ्रात।।

पद पंकज जो पूजता, सकल विघ्न नश जाय।
सच्ची भक्ति कर रहे, सच्चा पथ मिल जाय।।

चिंता तज चिंतन तेरा, करने आया द्वार।
गुण गाकर भक्ति करूँ, दो मुझको आधार।।

स्वारथ के संसार में, मैं हूँ अकेला देव।
छोड़ जगत अब आ गया, करूँ आपकी सेव।।

गणधर ने गुण गाये थे, पूरे कह न पाये।
मैं अज्ञानी क्या कहूँ, चरणन शीश झुकाये।।

दया दृष्टि मुझ पर करो, दुखिया पर हे नाथ।
नहीं घटेगा आपका, मुझे मिले सुख पाथ।।

व्यथा कहूँ किससे प्रभो, कोई ना रिश्तेदार।
लगन लगी अब आपमें, दो जीवन का सार।।

गतियों में मैं घूमता, किया न कुछ भी काम।
जय जिनवर जिनदेव जी, मिला आपका धाम।

वीतराग प्रभु मिल गए, छोड़े रागी देव।
वीतरागता पाऊँगा, करूँ आत्म की सेव।।

आकुलता अब छोड़ दी, समता रस परिणाम।
'स्वस्ति' बस वंदन करे, मिले मोक्ष का धाम।।

पूजा प्रारंभ

ॐ जय जय जय नमोऽस्तु नमोऽस्तु नमोऽस्तु।
णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आयरियाणं।
णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्वसाहूणं।

ॐ ह्रीं अनादिमूलमंत्रेभ्यो नमः (पुष्पांजलि क्षिपेत्)

चत्तारि मंगलं, अरिहंता मंगलं, सिद्धा मंगलं।
साहू मंगलं, केवलिपण्णत्तो धम्मो मंगलं।

चत्तारि लोगुत्तमा, अरिहंता लोगुत्तमा, सिद्धा लोगुत्तमा
साहू लोगुत्तमा, केवलिपण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमो।

चत्तारि शरणं पव्वज्जामि, अरिहंते शरणं पव्वज्जामि,
सिद्धे शरणं पव्वज्जामि, साहू शरणं पव्वज्जामि,
केवलिपण्णत्तं धम्मं शरणं पव्वज्जामि।

ॐ नमोऽर्हते स्वाहा (पुष्पांजलिं क्षिपेत)

मंगल विधान (हिन्दी)

दोहा

हो अपवित्र तन तो यदि, या करते कोई काम।
परमेष्ठी के ध्यान से, होवे पाप की हान।
अपराजित यह मंत्र तो, करे विघ्न का नाश।
सब मंगल में प्रथम है, देवे मुक्ती वास।
अर्हं शब्द को नमन है, परमेष्ठी का ध्यान।
सिद्ध चक्र का बीज है, बारंबार प्रणाम।
विघ्न प्रलय सब शांत हो, भूत प्रेत भग जाये।
विष निर्विष होवे तुरत, जो पूजा को गाये।।

शंभू छंद

पंचकल्याणक अर्घ

जल चंदन अक्षत पुष्प चरू, और दीप धूप फल लाया हूँ।
शुभ मंगल गान करूँ जिनगृह, कल्याण को अर्घ्य चढ़ाया हूँ।।

ॐ ह्रीं श्री भगवतोगर्भजन्मतपज्ञाननिर्वाण पंच-कल्याण-केभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

पंचपरमेष्ठी अर्घ

जल चंदन अक्षत पुष्प चरू, और दीप धूप फल लाया हूँ।
शुभ मंगल गान करूँ जिन गृह, जिन नाथ को अर्घ्य चढ़ाया हूँ।।

ॐ ह्रीं श्री अर्हंत्-सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधुभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जिनसहस्त्रनाम अर्घ

जल चंदन अक्षत पुष्प चरू, और दीप धूप फल लाता हूँ।
शुभ मंगल गान करूँ जिनगृह, जिन नाम को अर्घ्य चढ़ाता हूँ।।

ॐ ह्रीं श्री भगवज्जिनअष्टोत्तर सहस्रनामेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जिनवाणी का अर्घ

जल चंदन अक्षत पुष्प चरू, और दीप धूप फल लाता हूँ।
शुभ मंगल गान करूँ जिनगृह, जिनसूत्र को अर्घ्य चढ़ाता हूँ।।

ॐ ह्रीं श्रीसम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्रणि तत्त्वार्थसूत्रदशाध्याय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

स्वस्ति पाठ

चौपाई

श्री जिनेन्द्र की करें वंदना, तीन लोक के ईश हैं झुकना।
स्याद्वाद जिनधर्म के नायक, हो कल्याण तुम्ही सब लायक।
हो त्रिलोक गुरू जिन पुंगव हो, महिमाशाली निज स्थित हो।
आत्मज्योति अद्भुत प्रसन्न हो, हो कल्याण मैं भी धन्य हूँ।।
विमल हो निर्मल ज्ञानी अमृत, पर भावों को करते विस्मृत।
सब वस्तु के आप हो ज्ञायक, हो कल्याण आप हो नायक।।
द्रव्य शुद्धि भावों की शुद्धि, अवलंबन पूजा की वृद्धि।
यह शुभ यज्ञ करूँ मैं प्रारंभ, हो कल्याण सुखों का आरंभ।।
महापुरूष पावन की गुरूता, मैं अल्पज्ञ हूँ मेरी लघुता।
मन में केवल ज्योति जगाऊँ, शुभ भावों से शीश झुकाऊँ।।
ॐ ह्रीं विधियज्ञ प्रतिज्ञानाय जिन प्रतिमाग्रे परि पुष्पांजलिं क्षिपेत्।

स्वस्ति मंगल

ऋषभ अजित संभव जिन स्वस्ति, अभिनंदन स्वस्ति-स्वस्ति।
सुमति पदम सुपारस जिनवर, चन्द्रप्रभू स्वस्ति-स्वस्ति।।
पुष्प दंत शीतल श्रेयांस जिन, वासुपूज्य स्वस्ति स्वस्ति।
विमल अनंत धर्म शांति जिन, कुंथु अरह स्वस्ति स्वस्ति।।
मल्लि मुनि नमि नेमि पार्श्व जिन, महावीरा स्वस्ति स्वस्ति।
स्वस्ति स्वस्ति चिंतन में हो, निशदिन हो स्वस्ति स्वस्ति।।

।। इति जिनेन्द्र स्वस्तिमंगलविधानं पुष्पांजलिं क्षिपामि ।।

परमर्षि स्वस्ति मंल विधान

केवल ज्ञान मनः पर्यय औ, अवधिज्ञान बुद्धि ऋद्धि।
कोष्ठ बीज संभिन्न श्रोतृपद, दूर स्पर्श श्रवण ऋद्धि।।

दूरास्वादन घ्राण विलोकन, प्रज्ञा प्रत्येक पूर्वी ऋद्धि।
चतुर्दश पूर्वी प्रवादि अष्टांग, जंघा वन्हि श्रेणी ऋद्धि।।
फल जल तंतु पुष्प बीजांकुर, गगन गमन धारी ऋद्धि।
अणिमा महिमा लघिमा गरिमा, मन वच काया है ऋद्धि।।
काम रूप वशित्व ईशित्व है, है प्राकाम्य अंतर ऋद्धि।
आप्ति प्रतिघात दीप्त तप्त तप, महाउग्र तप घोर ऋद्धि।।
घोर पराक्रम परम घोर तप, ब्रह्मचर्य आमर्ष ऋद्धि।
सर्वोषध आशीर्विष दृष्टि, दृष्टि अविष है क्ष्वेल ऋद्धि।।
विडौषध जल मल क्षीरस्त्रवी, घृतमधु अमृत है ऋद्धि।
है अक्षीण संवास महानस, होती है शुभ ये ऋद्धि।।
मुनिवर जब तप करते रहते, ये तो स्वयं ही आती हैं।
चमत्कार नहिं अतिशय है ये, भक्त के मन को भाती हैं।।
ऐसे परम ऋषिवर मेरे, हम सब का कल्याण करें।
संकट दुख पीड़ायें हर कर, कर्म हमारे शीघ्र हरें।।
ऋद्धि सिद्धि के स्वामी ऋषिवर, ऋद्धि सिद्धि भंडार भरें।
ऋषिवर चरणों नमन करें हम, सुख अमृत के पुष्प झरें।।

।। इति परमर्षिस्वस्तिमंगल-विधानं पुष्पांजलिं क्षिपामि।।

श्री मुनिसुव्रत नाथ विधान

स्थापना (शंभू छन्द)

सम्यक्त्व ज्ञान के आलय जिन, दर्शन तेरा सुखकारी है।
पावन पवित्र है नाम तेरा, महिमा जग संकट हारी है।।
भक्ति के उपवन से चुनकर, गुण सुमन चढ़ाने आया हूँ।
मुनिसुव्रतनाथ की पूजा से, मैं कर्म नशाने आया हूँ।।

ॐ ह्रीं श्री मुनिसुव्रतनाथ जिनेन्द्र! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननं।
ॐ ह्रीं श्री मुनिसुव्रतनाथ जिनेन्द्र! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
ॐ ह्रीं श्री मुनिसुव्रतनाथ जिनेन्द्र! अत्र मम सन्निहितौ भव भव वषट् सन्निधिकरणं।

सदियों से गतियों के चक्कर, खाने में जीवन बीता है।
संसार में आने जाने में, ये समय हमारा रीता है।।
मुनिसुव्रतनाथ की पूजा से, सार्थक जीवन को करना है।
मैं जन्म मरण से मुक्त होऊँ, जल चढ़ा कर्म को हरना है।।

ॐ ह्रीं श्री मुनिसुव्रतनाथ जिनेन्द्राय जन्म जरा मृत्यु विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

ईर्ष्या चिन्ता और द्वेष हमें, अग्नि सम नित्य जलाती है।
प्रभु नाम आपका चंदन है, शीतलता मन में आती है।।
मुनिसुव्रतनाथ की पूजा से, सार्थक जीवन को करना है।
संसार ताप को शांत करूँ, चंदन से वंदन करना है।।

ॐ ह्रीं श्री मुनिसुव्रतनाथ जिनेन्द्राय संसार ताप विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

देहरी और देह से प्यार करूँ, पर यहीं पड़ी रह जायेगी।
अविनश्वर आतम को ध्याऊँ, अक्षय पद में पहुंचायेगी।।

मुनिसुव्रतनाथ की पूजा से, सार्थक जीवन को करना है।
अक्षयपुर में जा वास करूँ, अक्षत से कर्म को हरना है।।

ॐ ह्रीं श्री मुनिसुव्रतनाथ जिनेन्द्राय अक्षय पद प्राप्ताय अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

इंद्रियों के सुख में उलझा हूँ, मन भटक-भटक दुख पाता है।
आतम का सुख तुमने पाया, जो तप करने से आता है।।
मुनिसुव्रतनाथ की पूजा से, सार्थक जीवन को करना है।
पुष्पों को चरण में ले आया, अब काम वासना हरना है।।

ॐ ह्रीं श्री मुनिसुव्रतनाथ जिनेन्द्राय काम बाण विध्वंशनाय पुष्पं निर्वपामिति स्वाहा।

खा-खाकर भी भूखा रहता, उसमें भी इच्छायें रहती।
संयम धर इस पर विजय पाऊँ, वरना आतम यह दुख सहती।।
मुनिसुव्रतनाथ की पूजा से, सार्थक जीवन को करना है।
नैवेद्य से वेदना दूर होय, इस क्षुधा रोग को हरना है।।

ॐ ह्रीं श्री मुनिसुव्रतनाथ जिनेन्द्राय क्षुधा रोग विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

आतम में ज्ञान उजाला है, जिसमें सच्चाई दिखती है।
पर मोह अंधेरा छाया है, जिससे संसार में भ्रमती है।।
मुनिसुव्रतनाथ की पूजा से, सार्थक जीवन को करना है।
दीपक ले आया चरणों में, अज्ञान अंधेरा हरना है।।

ॐ ह्रीं श्री मुनिसुव्रतनाथ जिनेन्द्राय मोहांधकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

कर्मों के बंधन में स्वतंत्र, फल भोगने में मजबूर रहे।
कर्मों का आस्रव बंध करूँ, फल पाने में हम कष्ट सहें।।
मुनिसुव्रतनाथ की पूजा से, सार्थक जीवन को करना है।
यह धूप चरण में ले आया, अब अशुभ कर्म को हरना है।।

ॐ ह्रीं श्री मुनिसुव्रतनाथ जिनेन्द्राय अष्ट कर्म दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

संयम तप त्याग के वृक्षों पर, फल फूल सुखों के लगते हैं।
प्रभु भक्ति पूजा अर्चन से, ये कर्म शीघ्र ही भगते हैं।।
मुनिसुव्रतनाथ की पूजा से, सार्थक जीवन को करना है।
श्रद्धा के फल ले आये प्रभु, मुक्ति सुख को अब वरना है।।

ॐ ह्रीं श्री मुनिसुव्रतनाथ जिनेन्द्राय महामोक्ष फल प्राप्ताय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रभु भक्ति की शीतल छाया, कर्मो का ताप मिटाती है।
अंतर तम की शान्ति देकर, मुक्ति का पथ दिखलाती है।।
मुनिसुव्रतनाथ की पूजा से, सार्थक जीवन को करना है।
हम अर्ध्य चरण में ले आये, भवसागर से अब तरना है।।

ॐ ह्रीं श्री मुनिसुव्रतनाथ जिनेन्द्राय अनर्घ्य पद प्राप्ताय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पंच कल्याणक अर्घ्य

शेर चाल (दे-दी हमें आजादी)

प्राणत से तज के प्राण, पद्मा गर्भ में आये।
राजग्रही के राजा पिता, आप बताये।।
रत्नों से सारी पृथ्वी में, उजाला हो गया।
जन-जन के अशुभ कर्म का, काला भी खो गया।।

ॐ ह्रीं श्रावणकृष्ण द्वितीयां गर्भमंगल मंडिताय श्री मुनिसुव्रतनाथ जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यंनिर्वपामीति स्वाहा।

अंतिम शरीर पाके जन्म, आपने लिया।
इन्द्रों ने सुमेरू पे जाके, न्हवन कर दिया।।
अंतिम हो जन्म मेरा, ऐसे भाव बनायें।
गुण आप जैसे पाने को, हम अर्ध्य चढ़ायें।।

ॐ ह्रीं वैशाखकृष्णदशम्यां जन्ममंगल मंडिताय श्री मुनिसुव्रतनाथ जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पूर्व भव के याद से, वैराग्य आ गया।
संसार को तजा औ, आत्म ज्ञान भा गया।।
लेकर के मुनि दीक्षा, ध्यान लीन हो गये।
पतझड़ किया है कर्म का, वे बीज खो गये।।

ॐ ह्रीं वैशाखकृष्णदशम्यां तपोमंगल मंडिताय श्री मुनिसुव्रतनाथ जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चारों करम को नाश, पूर्ण ज्ञान पा लिया।
भक्तों ने शरण पाई, औ प्रभु दर्श पा लिया।।
वैशाख कृष्ण नवमी का, दिन धन्य हो गया।
हमने करी प्रभु पूजा, कर्म मेरा खो गया।।।

ॐ ह्रीं वैशाखकृष्ण नवम्यां केवलज्ञान प्राप्ताय श्री मुनिसुव्रतनाथ जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मुनि नाथ बने व्रत दिये, मुनिराज बनाये।
पर आत्मा का ध्यान नहीं, कभी हटाये।।
आठों करम ने आपसे, ले ली थी विदाई।
आवागमन से मुक्त हुये, मुक्ति को पाई।।

ॐ ह्रीं फागुनकृष्ण द्वादश्यां मोक्षमंगल मंडिताय श्री मुनिसुव्रतनाथ जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा

लोहा को सोना करें, मुनिसुव्रत भगवान।
संकट हर विपदा हरो, बारम्बार प्रणाम।।

मंडलोस्परिः पुष्पांजलिं क्षिपेत्

प्रथम वलय

अनंतचतुष्टय अर्ध्यावली (चौपाई छंद)

तीन लोक त्रिकाल को देखा, राग द्वेष उसमें न झांका।
आतम दर्शन का सुख पाया, भक्त ने आकर शीश झुकाया।।1।।

ॐ ह्रीं सम्यक् दर्शन प्राप्ताय श्री मुनिसुव्रतनाथ जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामिति स्वाहा।

ज्ञानमयी है आतम मेरा, सूरज सम दमके उजियारा।
कर्म मेघ को आप हटाये, ज्ञानानंद को आपहि पाये ।।2।।

ॐ ह्रीं सम्यक् ज्ञान प्राप्ताय श्री मुनिसुव्रतनाथ जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

आपका सुख तौला न जाये, आपका सुख बोला न जाये।
ऐसे सुख के आप धनी हैं, इससे ही प्रभु मेरी बनी है।।3।।

ॐ ह्रीं सम्यक् सुख प्राप्ताय श्री मुनिसुव्रतनाथ जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

बल अनंत आतम में होता, कर्म से जीव इसे है खोता।
पर मुनि प्रभू ने है प्रगटाया, इससे हमने अर्घ्य चढ़ाया।।4।।

ॐ ह्रीं अनंत बल प्राप्ताय श्री मुनिसुव्रतनाथ जिनेन्द्राय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पूर्णार्घ्य (दोहा)

ज्ञान ज्योति जलती रहे, मिलता रहे प्रकाश।
जिनवर तेरी भक्ति से, यही है मुझको आश।।

ॐ ह्रीं प्रथम वलये श्री मुनिसुव्रतनाथ जिनेन्द्राय नमः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(श्रीफल चढ़ाये)

द्वितीय वलय

अष्ट प्रातिहार्य अर्ध्यावली

चौपाई

तरू अशोक के नीचे जिनवर, शोक हरें सुख पा नारी नर।
मुनिसुव्रत दुख हरें हमारे, नैया मेरी करो किनारे।।5।।

ॐ ह्रीं शोक रहित सुख प्राप्ताय श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सिंहासन पर नाथ विराजे, शोभा प्रभु की अद्भुत साजे।
मेरा कष्ट जो आप मिटा दो, दुष्ट कर्म को शीघ्र भगा दो।।6।।

ॐ ह्रीं मुक्ति पद प्राप्ताय श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तीन छत्र सिर छाया करते, मानों सूर्य रश्मि को हरते।
मुझ पर तेरी छाया होवे, तब ही अपने कर्म को खोवे।।7।।

ॐ ह्रीं धर्म छाया प्राप्ताय श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चौंसठ चमर सदा ही ढुरते, इन्द्र चरण की सेवा करते।
मैं भी सेवा अवसर पाऊँ, इसीलिये आ अर्घ्य चढाऊँ।।8।।

ॐ ह्रीं धर्म पथ अनुगमन कराय श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दुंदुभि बाजे गुण गाते हैं, भक्त हृदय को हर्षाते हैं।
मैं भी गीत आपके गाऊँ, अशुभ कर्म को दूर हटाऊँ।।9।।

ॐ ह्रीं महायश प्राप्ताय श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कल्पवृक्ष के पुष्प की वृष्टि, हर्षित होवे सारी सृष्टि।
मंद सुगंधित पवन बहायें, प्रभु कुछ हम पर कृपा दिखायें।।10।।

ॐ ह्रीं मनवांछित सुख प्राप्ताय श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

भामंडल का है उजियारा, सूर्य चांद का तेज भी हारा।
मोह के तम को मेरे नाशो, सम्यकज्ञान का दीप प्रकाशो।।11।।

ॐ ह्रीं मोह कर्म विनाशनाय श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

आगम तत्व का ज्ञान करायें, दिव्य ध्वनि प्रभु जी बिखरायें।
स्वर्ग मोक्ष का मार्ग बताती, सुख पाने की राह दिखाती।।12।।

ॐ ह्रीं प्रत्यक्ष तीर्थंकर वाणी प्राप्ताय श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पूर्णार्घ्यं (दोहा)

पुण्यवान पूजा करे, करता प्रभु गुणगान।
भक्ति को स्वीकार लो, हे मेरे भगवान।।

ॐ ह्रीं द्वितीय वलये श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय नमः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(श्रीफल चढ़ाये)

तृतीय वलय

अष्ट कर्म रहित मुनिसुव्रतनाथ भगवान अर्ध्यावली

शंभू छंद

ज्ञानावरणी बादल छाये, अज्ञान अंधेरा फैला है।
पर को अपना माना करता, इससे ही आतम मैला है।।

ज्ञानावरणी के नाश हेतु, यह अर्ध्य समर्पित करते हैं।
केवल की ज्योति हो जगमग, अज्ञान अंधेरा हरते हैं।।13।।

ॐ ह्रीं ज्ञानावरण कर्म विनाशनाय श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

आतम आंखो से देख रहा, प्रत्यक्ष दर्श न कर पाया।
दर्शन पर परदा पड़ा हुआ, आतम दर्शन ना हो पाया।।
आतम दर्शन के हेतु प्रभो, यह अर्ध्य समर्पित करते हैं।
मुनिसुव्रत प्रभू की पूजा से, सब कठिन कार्य भी सरते हैं।।14।।

ॐ ह्रीं दर्शनावरण कर्म विनाशनाय श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जीवन में सुख दुख का वेदन, कर्मो का फल ही बतलाया।
साता असाता के झूले हैं, कर्मो ने इसमें झुलवाया।।
सुख दुख से रिश्ता तजने को, यह अर्ध्य समर्पित करते हैं।
निज आत्म तत्व में लीन होऊँ, तो मोक्ष लक्ष्मी वरते हैं।।15।।

ॐ ह्रीं वेदनीय कर्म विनाशनाय श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

हम मोह की मदिरा पीकर के, माया तृष्णा में झूम रहे।
आनंद मयी आतम भूले, इससे कर्मो के कष्ट सहे।।
कर्मो का राजा मोह कहा, इसके जाते ही सुखी हुये।
तब वीतरागता प्रगटेगी, भक्तों ने प्रभु के चरण छुये। ।।16।।

ॐ ह्रीं मोहनीय कर्म विनाशनाय श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चारों गतियां हैं जेल के सम, हम कैद इसी में रहते हैं।
जो मुक्त हुआ मुक्ति को पा, आनंद-आनंद में रहते हैं।।

आयु की वायु हट जाये, हम मुक्त गगन के पंछी हैं।
श्री मुनिसुव्रत भगवान मेरे, तेरे पद कमल के पंथी है। ।।17।।

ॐ ह्रीं आयु कर्म विनाशनाय श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

इस जड़ शरीर की रचना तो, जड़ नाम कर्म करवाता है।
ऊंचा नीचा काला गोरा, कई रंगो में बनवाता है।।
प्रभु नाम कर्म से रहित आप, चेतन का तन ही पाया है।
ऐसा वर मैं भी पा जाऊँ, यह भक्त चरण में आया है। ।।18।।

ॐ ह्रीं नाम कर्म विनाशनाय श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जन्मे हैं उच्च गोत्र में पर, सब कार्य निम्न ही करते हैं।
हम परम उच्च पद को पायें, तेरी पूजा अब करते हैं।।
प्रभु गोत्र कर्म से रहित आप, कर्मो का बंधन तोड़ा है।
तेरे सम मैं भी बन जाऊँ, जिनदेव से नाता जोड़ा है। ।।19।।

ॐ ह्रीं गोत्र कर्म विनाशनाय श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

बाधाओं का पथ मिला मुझे, चरणों में अब तक ना पहुँचा।
आलस्य भरा है जीवन में, कहता हूँ कर्मो ने खींचा।
आलस्य छोड़ पुरूषार्थ करूँ, बाधायें दूर सब हो जायें।
प्रभु अंतराय को नाश दिया, बाधा नाशन को हम आये।।20।।

ॐ ह्रीं अंतराय कर्म विनाशनाय श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पूर्णार्घ्य (दोहा)

आठ कर्म के पाठ को, पढ़ता है संसार।
मुनिसुव्रत जी नाश के, पहुंचे मोक्ष मंझार।।

ॐ ह्रीं तृतीय वलये श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

(श्रीफल चढ़ाये)

चतुर्थ वलय

चौपाई

शक्तिवान सामर्थ्य के धारी, स्वयं हुये दीक्षित मनहारी।
ऐसी शक्ति मैं भी पाऊँ, चरणन आकर अर्घ्य चढ़ाऊँ।।21।।

ॐ ह्रीं आत्म शक्ति प्राप्ताय श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

आत्म ज्योति से लोक प्रकाशित, सब पदार्थ उसमें हैं भासित।
मैं भी ऐसी ज्योति पाऊँ, जगमग जीवन आत्म कराऊँ।।22।।

ॐ ह्रीं आत्म ज्योति प्रगटाय श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जन्म मरण की बेड़ी तोड़ी, मुक्ति की जब पकड़ी डोरी।
कर्म बेड़ियाँ मेरी टूटें, इस जग से बस नाता टूटे।।23।।

ॐ ह्रीं पुनर्भव विनाशनाय श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तीन लोक के ईश आप हैं, भक्त करें बस तेरा जाप हैं।
मुनि ईश को शीश झुकाऊँ, दुख संकट को शीघ्र भगाऊँ।।24।।

ॐ ह्रीं ईश दर्श प्राप्ताय श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षय पद अक्षय है आतम, इस गुण कारण हो परमातम।
अक्षय नाम आपका गाया, भक्त ने आकर अर्घ्य चढ़ाया।।25।।

ॐ ह्रीं अक्षय धन प्राप्ताय श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जग की नश्वर माया सारी, अविनश्वर है आत्म हमारी।
मैं भी अविनश्वरता पाऊँ, चरणों में आ अर्घ्य चढ़ाऊँ।।26।।

ॐ ह्रीं अविनाशी सुख प्राप्ताय श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शाश्वत मुक्त गगन के वासी, सिद्धालय के हैं प्रभु वासी।
शाश्वत पद पाने को आऊँ, चरणों में प्रभु अर्घ्य चढ़ाऊँ।।27।।

ॐ ह्रीं शाश्वत पद प्राप्ताय श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ज्येष्ठ श्रेष्ठ वर सबसे अच्छे, आपहि भगवन जग में सच्चे।
सच्चाई पाने को आया, चरणों में आ शीश झुकाया।।28।।

ॐ ह्रीं ज्येष्ठ स्थान प्राप्ताय श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

इंद्रिय विजय से संयम धारा, कर्मो पर जय मुक्ति द्वारा।
इंद्रिय विजय बनूँ मैं भगवन, शक्ति देना आया चरणन।।29।।

ॐ ह्रीं कर्म विजय प्राप्ताय श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा (तर्ज-राजा राणा....)

भव्य बंधू के मित्र हो, शीघ्र बुलाओ नाथ।
आश लगाये बैठे हैं, शीघ्र दिखाओ पाथ।।30।।

ॐ ह्रीं धर्म बन्धु श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

भक्तों को प्रभु तारते, दिखा मोक्ष की राह।
पंक्ति में हम खड़ें हैं, हमें आपकी चाह।।31।।

ॐ ह्रीं भव सागर पाराय श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जन्म दुबारा हो नहीं, ना धरती पर आऐं।
अंतिम जन्म भी हो मेरा, इससे शीश झुकायें।।32।।

ॐ ह्रीं अंतिम जन्म प्राप्ताय श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

स्वयं ज्योति जाग्रत करी, जगमग है भू लोक।
जगमग तन मन हो मेरा, मिटे हमारा शोक।।33।।

ॐ ह्रीं आत्म ज्योति प्राप्ताय श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मोह शत्रु ही जगत में, सब जन को भरमाये।
मोह जीत मुक्ति गये, इससे शीश झुकायें।।34।।

ॐ ह्रीं मोह शत्रु विनाशनाय श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कर्म मैल को धो दिया, सिद्ध शुद्ध कहलायें।
ऐसी शुद्धी हो मेरी, चरणन अर्घ्य चढ़ायें।।35।।

ॐ ह्रीं अशुभ कर्म विनाशनाय श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

स्वार्थ सिद्ध कर मोक्ष में, चले गये हो नाथ।
श्री सिद्धार्थ के नाम से, मिले हमें भी पाथ।।36।।

ॐ ह्रीं कार्य सिद्धि कराय श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ध्येय प्रभु का ध्यान कर, मन शुद्धि करवायें।
तन मन धन शुद्धि करें, चरणन अर्घ्य चढ़ायें।।37।।

ॐ ह्रीं ध्येय वस्तु प्राप्ताय श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

गुण अनंत के हो धनी, गुण पाने हम आयें।
निर्गुणियों को गुण मिले, निर्धन धन को पाये।।38।।

ॐ ह्रीं सर्वगुण प्राप्ताय श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चाल छंद (तर्ज-ऐ मेरे वतन के.....)

नहि दुखी बुढ़ापा आये, जिन अजर नाम बतलाये।
यह जरा मेरा ना आये, चरणों में शीश झुकायें।।39।।

ॐ ह्रीं जरा रहित सुख प्राप्ताय श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रभु धर्म के हैं अध्यक्ष, नहि संग में कोई विपक्ष।
मैं भी ऐसा सब पाऊँ, चरणों में अर्घ्य चढ़ाऊँ।।40।।

ॐ ह्रीं धर्माध्यक्ष पद प्राप्ताय श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पावन वाणी पावनता, झरती है ज्यों सावनता।
हित मित प्रिय वाणी पाऊँ, चरणों मे अर्घ्य चढाऊँ।।41।।

ॐ ह्रीं प्रिय वाणी प्राप्ताय श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

था दिव्य रूप मनहारी, इकटक लखते नर नारी।
यह दिव्य रूप मैं पाऊँ, चरणों में अर्घ्य चढ़ाऊँ।।42।।

ॐ ह्रीं दिव्य रूप प्राप्ताय श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कर्मों की धूल झड़ायी, सुंदर आतम प्रगटाई।
प्रभु अरज नाम के धारी, पूजा हम करें तिहारी।।43।।

ॐ ह्रीं कर्म मैल विनाशनाय श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

